राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–2) विभाग

क्रमांक प. 1(73)साप्र/2/1990 जयपुर दिनांक :- 16/3/2016

–: आदेश :–

राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार राजकीय आवास आवंटन नियम 1958 के नियम 27 में शिथिलन प्रदान करते हुए सवाई मानसिंह चिकित्सालय (प्रशासन), जयपुर में डायग्नोस्टिक विंग प्रारम्भ करने, स्पाईनल इन्जरी सेन्टर, ट्रोमा सेन्टर का विस्तार एवं ह्यूमन ऑरगन ट्रांसप्लान्ट सेन्टर स्थापित किए जाने के लिए राजकीय आवास संख्या बंगला नं0 10, विवेकानन्द मार्ग, जयपुर का सामान्य प्रशासन विभाग से सवाई मानसिंह चिकित्सालय (प्रशासन), चिकित्सा विभाग, जयपुर को निम्न शर्तो के आधार पर एतद्द्वारा हस्तानान्तरित किया जाता है :–

1. उक्त भवन निर्माण का व्यय सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा वहन नहीं किया जाएगा।
2. उक्त बंगले की पानी, बिजली, व नियमित मरम्मत आदि समस्त होने वाले व्यय का भुगतान सवाई मानसिंह चिकित्सालय (प्रशासन) विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।
3. प्रस्तावित भवन उपयोग हेतु निर्माण स्वीकृति सवाई मानसिंह चिकित्सालय (प्रशासन) अपने स्तर से सम्बन्धित विभाग से प्राप्त करेगा।

राज्यपाल की आज्ञा से,

(अजीत कुमार सिंह)
अतिरिक्त मुख्य सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

1. महालेखाकार, राजस्थान, जयपुर।
2. प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर उनकी अशा.टीप क्रमांक प. 18 (18) एम. ई./ग्रुप–1/2014/1116 दिनांक 25.11.2014 व दिनांक 9.2.2015 के क्रम में।
3. संभागीय आयुक्त/जिला कलक्टर, जयपुर।
4. विशेषाधिकारी (एस), मुख्यमंत्री कार्यालय को उनकी अशा. टीप क्रमांक मु.मं.– विशेषाधिकारी (एस)/प–2 साप्र/जय/15/21941 दिनांक 21.5.2015 व आईडी संख्या एफ 15003674 दिनांक 13.10.2015 के क्रम में।
5. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री महोदय, सामान्य प्रशासन विभाग की आईडी क्रमांक 483/एम/जीएडी/15 दिनांक 7.10.2015 के क्रम में।
6. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, जयपुर।
7. मुख्य अभियन्ता (भवन), सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान, जयपुर।
8. प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक, सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय एवं नियंत्रक, संलग्न चिकित्सालय, जयपुर।
9. अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग नगर खण्ड–द्वितीय को भेजकर लेख है कि उक्त बंगला संख्या 10, विवेकानन्द मार्ग, जयपुर रिक्त का कब्जा सवाई मानसिंह चिकित्सालय (प्रशासन) जयपुर को सुपुर्द कर इस विभाग को सूचित करावें।
10. अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा0अभि0वि0, गांधीनगर/हीराबाग, जयपुर।
11. अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, गॉधीनगर/हीराबाग, जयपुर।
12. शासन उप सचिव, मंत्रिमण्डल सचिवालय, जयपुर।
13. मुख्य लेखाधिकारी, सामान्य प्रशासन (ग्रुप–4) विभाग, जयपुर।
14. सहायक अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, चौकी हीराबाग, जयपुर को भेजकर लेख है कि आदेश की एक प्रति नोटिस बोर्ड पर चस्पा करावें।

15. सहायक प्रोग्रामर सामान्य प्रशासन (ग्रुप–3) विभाग, जयपुर–कृपया उक्त आदेश को सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाईट पर अपडेट कराने का श्रम करावें।
16. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग।
17. रक्षित पत्रावली।

(राजकुमार शर्मा)
शासन सहायक सचिव